कोविड ड्यूटी के पुलिस अधिकारियों को सहायता

कोविड- 19 महामारी के समय काम में व्यस्त कोच्ची नगर के पुलिस को सहयोग के रूप में भा कृ अनु प-केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान द्वारा नगर में कोविड ड्यूटी में लगे हुए लगभग 1000 पुलिस अधिकारियों को सहायता प्रदान की । इस संदर्भ में 1000 एन-95 मास्क, पानी की बोतलें और पुनःउपयोग किये जानेवाले दस्ताने प्रदान किए।

डॉ. ए. गोपालकृष्णन, निदेशक ने ए. जे. तोमस, सहायक पुलिस आयुक्त , एरणाकुलम सेन्ट्रल पुलिस स्टेशन को दिनांक 13 मई, 2021 को श्री हरीश नायर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, भा कृ अनु प-सी एम एफ आर आइ और श्री जोस कुरूविला, पी आर ओ, एरणाकुलम सेन्ट्रल पुलिस स्टेशन की उपस्थिति में संस्थान की सहायक सामग्रियां प्रदान कीं। सी एम एफ आर आइ मनोरंजन क्लब द्वारा पुलिस को सहायता देने का यह कदम उठाया गया।

इसके अतिरिक्त, कस्तूरबा नगर के सी एम एफ आर आइ आवासीय परिसर में कृषिलोकम क्लब द्वारा उत्पादित कसावा कोविड ड्यूटी कर रहे पुलिस अधिकारियों के बीच बाँट दिया गया। संस्थान ने कस्तूरबा नगर के कोविड पोज़िटीव हुए परिवार सदस्यों को भी कसावा का वितरण किया। केरल में कोविड की बढ़ती के अवसर पर सी एम एफ आर आइ का इस तरह का सहयोग महत्त्व रखता है।

निदेशक, सी एम एफ आर आइ द्वारा पुलीस अधिकरियों को ग्लाउस प्रदान करते हुए